हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
5 जुलाई 2026, बरेली



# एसआरएमएस में डॉक्टर और स्टाफ सम्मानित



फाउंडर्स डे पर स्टाफ को सम्मानित करते एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति।

**आयोजन**

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से शनिवार को धूमधाम से फाउंडर्स डे मनाया गया। मेडिकल कॉलेज परिसर में हवन के बाद मुख्य कार्यक्रम एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) स्थित श्रीराम मूर्ति शतिक ऑडिटोरियम में हुआ। ट्रस्ट के विभिन्न संस्थानों के एडमिनिस्ट्रेटिव, सपोर्टिंग स्टाफ के साथ शिक्षक एवं डॉक्टर सम्मानित किए गए। ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने सभी को प्रशस्ति पत्र दिया। फाइंडर्स डे पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रक्तदान कैंप भी आयोजित किया गया।

श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज ने शनिवार को अपनी स्थापना की 24वीं वर्षगांठ मनाई। इसी दिन एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति का जन्मदिन होने से संस्थान की ओर से फाउंडर्स डे आयोजित किया गया। देवमूर्ति ने कहा कि असंभव को संभव कर चुनौती देने वालों को अपना सर्वश्रेष्ठ देकर जवाब देना चाहिए। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने फाउंडर्स डे पर सभी का स्वागत किया। एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता ने वर्ष भर की इंजीनियरिंग कॉलेज की उपलब्धियों का जिक्र किया तो एसआरएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने मेडिकल कालेज की उपलब्धियों को साझा किया। फाउंडर्स डे कार्यक्रम के अंत में देविशा मूर्ति ने सभी का आभार जताया।